लापरवाही | बंद फाटक के बावजूद धड़ल्ले से रेल लाइन पार कर रहे वाहन चालक

कछपुरा रेलवे फाटक पर मौत को खुला न्यौता

जबलपुर। कुछ मिनट की जल्दबाजी किसी की पूरी जिंदगी छीन सकती है। शहर के कछपुरा रेलवे फाटक पर लोगों की लापरवाही लगातार जानलेवा साबित हो रही है। फाटक बंद होने के बावजूद दोपहिया वाहन चालक, ऑटो चालक और पैदल राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार कर रहे हैं। कुछ मिनट बचाने की जल्दबाजी में लोग न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में डाल रहे हैं। यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं की गई तो यहां कभी भी बड़ा रेल हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फाटक बंद होते ही कई वाहन चालक बैरिकेड के नीचे से या किनारे से निकलकर रेलवे ट्रैक पार करने लगते हैं। कई बार सामने से ट्रेन आने के बावजूद लोग जोखिम उठाते देखे गए हैं। यह स्थिति हर दिन देखने को मिलती है, लेकिन जिम्मेदार एजेंसियों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

रेलवे सुरक्षा नियमों के अनुसार रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत रूप से प्रवेश करना दंडनीय अपराध है।

मदन महल में हुआ था हादसा

यह पहला मौका नहीं है जब रेलवे लाइन पार करने की लापरवाही चिंता का विषय बनी हो। इससे पहले मदन महल रेलवे स्टेशन में भी रेल लाइन पार करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो चुका है। इसके बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं हैं और रोजाना अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। रेलवे और प्रशासन समय-समय पर लोगों से अपील करता है कि बंद रेलवे फाटक पर धैर्य रखें और फाटक खुलने का इंतजार करें, लेकिन जागरूकता की कमी और जल्दबाजी के कारण नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। अब आवश्यकता है कि रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से कछपुरा रेलवे फाटक पर अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। साथ ही सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए और लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले लोगों को चेताया जा सके।

मौजूद है सजा का प्रावधान

बता दे कि रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 147 के तहत रेलवे परिसर या ट्रैक पर बिना वैध अनुमति प्रवेश करने पर जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है। वहीं धारा 160 के अनुसार बंद रेलवे फाटक के गेट, बैरियर या चेन को खोलना अथवा तोड़ना गंभीर अपराध है, जिसके लिए तीन वर्ष तक की सजा तथा गेट या बैरियर तोड़ने की स्थिति में पांच वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।

इनका कहना है

आरपीएफ द्वारा लगातार कछपुरा क्रॉसिंग की मॉनिटरिंग की जाती है। फाटक बंद रहने के बाद जितने भी आमजनो द्वारा रेल लाइन क्रॉस की जाती है, उन पर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाती है

राजीव खरब
पोस्ट प्रभारी, आरपीएफ

प्रमोशन में आरक्षण पर सुनवाई तीन अगस्त को

जबलपुर। मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े बहुचर्चित मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में नया मोड़ आया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विनय सराफ की विशेष युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि इस मामले की सुनवाई अब 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण प्रकरण में बहस पूरी होने के बाद की जाएगी। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तीन अगस्त निर्धारित की है।सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने राज्य सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत किया। विशेष पीठ ने स्पष्ट किया कि इस बीच राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले सभी पदोन्नति आदेश इस मामले में हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। वर्तमान में प्रशासनिक न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति विनय सराफ की विशेष पीठ 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों की रोजाना (डे-टू-डे) सुनवाई कर रही है। ओबीसी आरक्षण मामले में बहस पूरी होने के बाद प्रमोशन में आरक्षण प्रकरण पर विस्तृत सुनवाई शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति विनय सराफ दोनों विशेष पीठों का हिस्सा हैं।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी से भड़की शहर कांग्रेस

- मालवीय चौक में उग्र विरोध प्रदर्शन
- पुलिस और कांग्रेसियों में झड़प, वाटर कैनन से भीड़ को किया गया तितर बितर

नवभारत, जबलपुर। नीट परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी को लेकर कांग्रेस पार्टी का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। दिल्ली में धरने के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के बाद जबलपुर के मालवीय चौक में कांग्रेसियों का आक्रोश मंगलवार को भड़क उठा। बड़ी संख्या में

एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मोदी सरकार एवं शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान पोस्टर जलाने को लेकर कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। हालात ऐसे बन गए कि हाथ गिरेबान तक जा पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी। वहीं वाटर केनन का प्रयोग कर आक्रोशित कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तितर बितर कर दिया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब से हमारे शीर्ष नेता और देश की आवाज राहुल गांधी ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की बात करते हुए छात्रों का समर्थन किया है, तब से सरकार दमनकारी नीति अपना रही है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा आखिर क्यों नहीं लिया जा रहा? आज देश का वह युवा भी सवाल पूछ रहा है जो अभी मतदाता भी नहीं बना है कि हमारे साथ इतनी बेईमानी क्यों की जा रही है?

'वाटर कैनन और लाठीचार्ज से नहीं दबेगी युवाओं की आवाज'

इस मौके पर कांग्रेस नेता अभिषेक चौकसे चिंटू ने आरोप लगाते हुए कहा कि जबलपुर सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर लाठियां बरसाई जा रही हैं, उन पर वाटर कैनन (पानी की बौछारें) और आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए दमनकारी रास्ते अपना रही है और पुलिस का गलत इस्तेमाल कर रही है।

एक नजर में

रीवा गया था परिवार घर में हुई चोरी

नवभारत, जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत साईनगर नयागांव में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए जेवरात, नगदी, टीव्ही, मोबाइल पार कर दिया। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार रीवा गया हुआ था। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम कुंदेश्वर कुशवाहा 35 वर्ष निवासी साईनगर नयागांव रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नागपुर (महाराष्ट्र) में होटल में काम करता है। वह नागपुर से अपने घर जबलपुर साई नगर आया था जहां से अपने परिवार के साथ पैतृक निवासी वीणा शहपुरा थाना सेमरिया जिला रीवा गया था। बीती रात लगभग 11-30 बजे जबलपुर साईनगर नयागांव वापस आया देखा घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा सामान अस्त व्यस्थ था आलमारी का भी ताला टूटा हुआ था जिसमें रखे नगदी 5 हजार रूपये, चांदी के 4 नग बिछिया, 2 कंगन, सोने का मंगलसूत्र, एलईडी टीव्ही, वीवो कम्पनी का मोबाइल नहीं था कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर उपरोक्त सामग्री चोरी कर ले गया है।

रूम देने से मना किया तो मैनेजर को पीटा

नवभारत, जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी स्थित होटल में रूम देने से मना करने पर दो युवकों ने मैनेजर की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि ऋतिक पटेल का यादव कॉलोनी स्थित होटल डेजी में मैनेजर है। शाम करीब 7:30 बजे होटल के रिस्पेशन पर बैठा था तभी वहां पर दो लडके आये जिसने अपना नाम अमित प्रजापति बताया और कहा कि रूम चाहिए। मैनेजर ने आधारा कार्ड मांगा तो अमित प्रजापति ने अपना आधार कार्ड दिया आन लाईन 600 रूपए जमा किए। उसके साथ वाले का आधार कार्ड नहीं दिया था दोनों लोग शाराब के नशे में होने से मैनेजर ने उन्हें रूम देने से मना कर दिया था दोनों लोग होटल चले गये थे। कुछ देर बाद में लेवर चौक होटल का सामान लेने गया था सामन लेकर वापस होटल जा रहा था जैसे ही खान ब्यौरो के गेट के सामने रात करीब 8.30 बजे पहुंचा था उसी समय अमित प्रजापति एवं उसका साथी मिला जिन्हे होटल के पैसे वापस किया तभी दोनों लोग रूम देने से मना करने की बात पर विवाद करने लगे। हाथ मुक्कों से उसके साथ मारपीट की। चाबी मारकर उसके सिर में चोट पहुंचा दी।

रेल्वे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

नवभारत, जबलपुर। रेल्वे में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक, युवती से लाखों रूपए की ठगी की गई। रांझी पुलिस ने रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सौरभ दुबे 29 वर्ष, पिता मालिकराम दुबे निवासी धनवंतरी नगर संजीवनी नगर, का वर्ष 2022 से आईसीआईसीआई बैंक की कलेक्शन एजेंसी आरएस एसोसिएट मदन महल में कलेक्शन का काम करता था। ऑफिस में इशिका वैश्य भी काम करती थी माह जनवरी 2025 में ईशिका के द्वारा सौरभ कश्यप पिता दिलीप कश्यप निवासी रांझी पुरानी बस्ती झण्डा चौक से सौरभ दुबे का संपर्क कराया तब सौरभ कश्यप द्वारा उसे बताया गया कि उसकी रेलवे में बहुत अच्छी पहुंच है मैं तुम्हारी नौकरी रेलवे में लगवा दूंगा उसके बाद उसे और ईशिका को रेलवे स्टेशन मिलने बुलाया जहां पर सौरभ कश्यप का साथी युवराज पटेल द्वारा अमित सिंह नामक व्यक्ति से सौरभ दुबे की मुलाकात करायी और उसको स्टेशन मास्टर के पद पर नौकरी लगवाने का इन सभी ने आश्वासन देते हुए सात लाख रूपये की मांग की गई नौकरी के लालच में सौरभ दुबे ने सात लाख रूपए दे दिए थे। ईशिका वैश्य से भी 1,25,000 रूपए नौकरी लगवाने के नाम पर हड़प लिये हैं।

एफआईआर का बोला तो दिए चेक, बैंक से हुए बाउंस

समय सीमा के पश्चात जब नौकरी नहीं लगी तो पूछने पर संतोषजनक उत्तर नहीं दिया यही कहते रहे कि शीघ्र ही नौकरी लग जायेगी तुम चिंता मत करों और टाला मटोली करते रहे। जब एफआईआर दर्ज कराने की बात कहीं तो 13 जनवरी 2026 को सात लाख रूपए का चैक हस्ताक्षरित कर दिया। जब उसने बैंक में उक्त चेक जमा किया जो 15 जनवरी 2026 को चेक व रिटर्न मेमो अपर्याप्त निधि की टीप के साथ बिना भुगतान किये बैंक द्वारा वापस कर दिया। इसके बाद 95,000 रूपये आनलाईन के माध्यम से गये।

गुरमखेड़ी स्टेशन पर 7 दिन नहीं रुकेंगी 8 ट्रेनें

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के जबलपुर-इटारसी रेलखंड के गुरमखेड़ी रेलवे स्टेशन पर आधुनिकीकरण और रेल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए होने वाले कार्य का असर गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ेगा। ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के चलते 24 से 30 जुलाई तक सात दिनों के लिए गुरमखेड़ी स्टेशन पर आठ ट्रेनों का ठहराव अस्थायी रूप से निरस्त कर दिया गया है। रेलवे के अनुसार स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाने, परिचालन क्षमता में सुधार और आधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए यह कार्य किया जा

रहा है। इस दौरान कई एक्सप्रेस और मेमू ट्रेनों का गुरमखेड़ी स्टेशन पर निर्धारित ठहराव नहीं होगा। हालांकि इन ट्रेनों का संचालन अपने तय मार्ग पर जारी रहेगा।

इन ट्रेनों का ठहराव रहेगा निरस्त

11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस : 23 से 25 जुलाई
11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस : 23 से 25 जुलाई
61618 कटनी-इटारसी मेमू स्पेशल : 24 से 26 जुलाई
19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस : 24 से 26 जुलाई
11271 इटारसी-भोपाल एक्सप्रेस : 27 से 29 जुलाई
11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस : 27 से 29 जुलाई
61617 इटारसी-कटनी मेमू स्पेशल : 27 से 29 जुलाई
19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस : 27 से 29 जुलाई

यात्रा से पहले जांचें ट्रेन का स्टेटस

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा की योजना बनाते समय इन अस्थायी परिवर्तनों का ध्यान रखें और रवाना होने से पहले एनटीईएस या रेलवे के अधिकृत माध्यमों से अपनी ट्रेन की अद्यतन जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

56 क्वार्टरों का हुआ सर्वे, चलाया गया डेंगू नियंत्रण अभियान

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं डीएमओ के निर्देशन में तुलसीकुंज रेलवे कॉलोनी में डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम अभियान चलाया। अभियान के दौरान 56 रेलवे क्वार्टरों का सर्वे कर कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमले, वॉशिंग मशीन, जल पात्र एवं छतों पर जमा पानी जैसे संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिन स्थानों पर एडीज मच्छर के लार्वा मिले, वहां तत्काल बीटीआई लार्वीसाइड का छिड़काव कर लार्वा नष्ट किए गए। अभियान के दौरान कॉलोनीवासियों को प्रत्येक सप्ताह कूलर एवं अन्य जल पात्रों का पानी बदलने, घर और आसपास जलभराव नहीं होने देने तथा डेंगू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान एएचओ मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशन में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक आर.पी. गुप्ता, स्वास्थ्य निरीक्षक नितिन अड़ीवाल तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक संचालित किया।

एटीएम बदलकर खाते से उड़ाए लाखों

- जालसाजों ने बातों में उलझाकर लगाई चपत

नवभारत, जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत सैन्ट्रल बैंक एटीएम में पैसे निकाले गए एक किसान को जालसाजों ने बातों में उलझा लिया और एटीएम कार्ड बदलकर खाते से लाखों रूपए उड़ा लिए। पुलिस ने रिपोर्ट परि प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आलोक सिंह राजपूत निवासी छपरा का किसान है। वे सैन्ट्रल बैंक एटीएम सिहोरा से अपने एटी एम से तीन हजार रूपये

निकाल रहा था एटीएम मशीन में लगा था तभी एटीएम के अन्दर दो अज्ञात व्यक्ति आये और थोडी देर बातों में लगाये रहे और फिर दोनों वहां से चले गए। जब आलोक ने अपना एटीएम निकाला और बैलेन्स चैक करने के लिये पुनः अपना एटीएम, एटीएम मशीन में डाला और पिन डाला तो ए टी एम मशीन के व्दारा एटीएम स्वीकार नहीं किया।पुराना बस स्टैंड सिहोरा के सामने एस बी आई ए टी एम में भी एटीएम लगाया तोभी एटीएम काम नहीं किया। एटीएम गार्ड को जब गौर से देखा तो वह एटीएम उसका नहीं था उस एटीएम में मंजीत कौर लिखा हुआ था। दोनों अज्ञात व्यक्तियों व्दारा बातों में लगाकर उसका एटीएम बदलकर ले गए और उसके खाते से कुल 2,28,998 निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

संविदा अनुकंपा नियुक्तियों से सीपीसीटी हटाने की मांग

नवभारत, जबलपुर। ऊर्जा विभाग द्वारा संविदा आधार पर नियुक्त अनुकंपा आश्रितों को नियमित करने के फैसले का मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने स्वागत किया है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि सरकार के इस आदेश ने कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग को तो पूरा कर दिया है, लेकिन नीति में कई तकनीकी कमियां छोड़ दी गई हैं। उन्होंने सचेत किया कि यदि इन विसंगतियों का समय पर समाधान नहीं किया गया, तो सरकार के इस सकारात्मक कदम के बावजूद संविदा अनुकंपा आश्रित नियमित पदों पर नियुक्ति पाने से वंचित रह जाएंगे।

नियमितिकरण की नीतिगत कमियां दूर करें

महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने प्रभावित कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने मांग की है कि इन कर्मचारियों को उनकी मूल नियुक्ति तिथि से ही वरिष्ठता का पूरा लाभ दिया जाए और वेतन संरक्षण का कड़ा नियम बनाया जाए ताकि किसी का भी वेतन कम न हो। इसके अतिरिक्त, संविदा के रूप में दी गई सेवा अवधि को वेतन निर्धारण व पदोन्नति की गणना में शामिल करने और अनुकंपा के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है।

पन्ना जिला अस्पताल में जल भराव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

- हाईकोर्ट ने कहां- स्थानीय प्रशासन को करना है समाधान

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पन्ना जिला अस्पताल में हुए जल-जमाव को लेकर दायर की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि कभी-कभी अत्यधिक

बारिश के कारण जलजमाव की समस्या हो जाती है, यह स्थानीय समस्या है, जिसका समाधान स्थानीय प्रशासन को करना चाहिये, यह ऐसा मामला नहीं, जिसे जिसे जनहित याचिका के रूप में लिया जा सके। उक्त मत के साथ न्यायालय ने दायर याचिका खारिज कर दी।

दरअसल यह जनहित याचिका पन्ना निवासी महंत पंडित राजेश दीक्षित की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि विगत 7 जुलाई 2026 को पन्ना जिला अस्पताल में जल-जमाव हो गया था, जिस कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उक्त मामले को लेकर स्थानीय अखबारों में बड़े पैमाने पर प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया था। जिस पर उनकी ओर से कलेक्टर को कानूनी नोटिस भेजकर उक्त जनहित याचिका न्यायालय में दायर की गई है। मामले में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कलेक्टर पन्ना, सीएमएचओं, सिविल सर्जन जिला अस्पताल पन्ना व सीएमओं पन्ना को पक्षकार बनाया गया था। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश के साथ मामले का पटाक्षेप कर दिया।

कार्यवाही | गोहलपुर पुलिस ने की कार्यवाही, आठ थाना क्षेत्रों में आरोपियों ने की थीं वारदातें

6 शातिर चोर पकड़ाए, 10 टूव्हीलर, 3 बैटरी समेत 12 लाख जब्त

नवभारत, जबलपुर। गोहलपुर पुलिस ने आधा दर्जन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चुराये हुये 10 दुपहिया वाहन एवं चुराई हुई 10 बैटरी कीमती 12 लाख रूपये के जप्त किए गए। पकड़े गए चोर पलक झपकते ही दुपहिया वाहन, ई रिक्शा से बैटरियां पार कर देते थे।

मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड़ ने खुलासा करते हुए बताया कि गोहलपुर थाना अंतर्गत आनंद नगर कॉलोनी से वाहन चोरी हुआ था। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया था। इसी प्रकरण में पुलिस को सूचना मिली कि चोरी गया वाहन लिये कुछ चोर दिखे है जो उक्त वाहन से कोई वारदात करने के इरादे से घूम रहे है। गोहलपुर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए वाहन चुराने वाले सादाब खान पिता गोफू फरीद 19 वर्ष निवास टेढीनीम, फैजान खान पिता गुड्डू खान 20 वर्ष निवासी 16 क्वार्टर, शाहरूख खान पिता खालिक खान 25 वर्ष निवासी टेढीनीम समेत ई रिक्शा से बैटरी चुराने वाले मोहम्मद फैजल अंसारी पिता गुलाम गौस 20 वर्ष निवासी गाजीनगर, इमरान पिता वहीद 18 वर्ष निवासी आयशा नगर आधारताल, मोहम्मद अशफाक पिता इशराइल 18 वर्ष निवासी गुरदा अधारताल को गिरफ्तार किया। पकड़े गए चोरों ने वाहन चोरी की वारदातें गोहलपुर, ग्वारीघाट, गोरखपुर, मदनमहल, अधारताल, ओमती, रांझी, चौकी सिलौडी जिला कटनी में की है। जबकि गोहलपुर से ई रिक्शा से बैटरियों की चोरियां हुई। पत्रकारवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक उदयभान बागरी, टीआई रितेश पांडे उपस्थित रहे

फैजान पर 12, टूटी पर 14 अपराध है दर्ज

उल्लेखनीय है कि पकड़े गये आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के है आरोपी फैजान खान के खिलाफ शहर के थानों में लूट, चोरी, अवैध शराब जैसे गंभीर मामलों के कुल 12 अपराध दर्ज है। आरोपी शाहरुख खान उर्फ टूटी के चोरी, मारपीट, अवैध हथियार जैसे कुल 14 अपराध दर्ज है।

बस स्टैंड की बदहाली और जाम को लेकर उठाई आवाज

नवभारत, जबलपुर। दीनदयाल चौक और अंतरराज्यीय बस स्टैंड के बाहर अव्यवस्थित ढंग से बसों के रुकने और सवारी बैठाने से लग रहे जाम को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) को नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा और पूर्व पार्षद जितिन राज ने ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर चिंता जताई गई। इस मौके पर प्रतिनिधियों ने बताया कि निर्धारित स्थान के बजाय चौराहे पर बसों के खड़े होने से आम नागरिकों को रोज असुविधा हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। इसके अलावा चौराहे के आसपास असामाजिक तत्वों की मौजूदगी से कानून-व्यवस्था और यातायात दोनों प्रभावित हो रहे हैं, जिस पर पुलिस से सख्ती से नियम पालन कराने की मांग की गई है। जबलपुर में यातायात प्रबंधन का मुद्दा पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में बना हुआ है।

कुछ इस तरह दिए सुझाव

जाम की समस्या को कम करने और यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि बस स्टैंड परिसर के भीतर ही वाहनों की पार्किंग और पिक-एंड-ड्रॉप की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी बसों का संचालन अनिवार्य रूप से स्टैंड के अंदर से ही कराया जाना चाहिए। ज्ञापन पर यातायात विभाग ने जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पूर्व पार्षद जितिन राज, राजा रैकवार, अन्नू तिवारी, शिवम् हल्दकार, मनोज दुबे, योगेश चौबे, टोनी श्रीवास्तव, संजू ओझा, सौरभ मिश्रा सहित क्षेत्रीय व्यापारी और स्थानीय महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।